## सार-समाचार

### कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**आबूरोड़, (नियसं)।** भारतीय जनता पार्टी की जिला सिरोही कार्यसमिति की बैठक शनिवार को आबूरोड़ प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल, जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, विधायक जगसीराम कोली, विधायक समाराम गरासिया, जिलाप्रमुख अर्जुन पुरोहित के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम भारतमाता और पंडित दीनदयाल जी एव डॉ श्यामा प्रशाद मुखर्जी की तस्वीर पर दिप प्रजलन किया एव समस्त अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत सत्र के बाद द्वित्तीय सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया। पहला प्रस्ताव जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा पेपर लीक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा ह। जिसमे लाखो युवाओं का जीवन प्रभावित हुआ और आरोपी बेखोफ घूम रहे हैं, इन मामलों की एसओसी की बजाय सीबीआई से जांच कराई जाए। दूसरा प्रस्ताव जिसमे बेरोजगारों व सविदा कर्मियों के साथ धोखा दिया। तीसरा प्रस्ताव में अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा। तुष्टिकरण की नीति-हिंदुओ की अनदेखी, अवैध खनन का बोलबाला, किसान बेहाल, बिजली की कटौती, भ्रटाचार का रिकॉर्ड, कांग्रेस द्वारा भारत सरकार की लोक कल्याण योजनों को लागू नही करना, विद्यालय-मंदिर-गोवंश पर संकट, एवं स्थानीय जिले के मुद्दे लेकर कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने का संकल्प लिया। कार्यसमिति में प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जी-20 व एससीओ जैसे प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की अध्यक्षता कर रहा है एव भारत को लम्बे अरसे बाद सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य बनाने का अवसर मिला है। बैठक में जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित ने बताया कि संगठन के कार्य का जादू गुजरात चुनाव में देखने को मिला। कार्यसमिति में विधायक जगसीराम कोली और समाराम गरासिया नव भी अपने विचार रखे।

### दो मकानों में चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट में रात को चोरियों का सिलसिला जारी है। डांगियावास के सालवांकलां गांव में आमने सामने आए दो मकानों में गुजरी रात अज्ञात चोर सेंध मारकर जेवरात चोरी कर ले गए। एक घर में परिवार बाहर गया हुआ था जबकि दूसरे में परिवार के लोग मौजूद थे। उधर बोरानाडा के गांगाणा में एक किराणा स्टोर में भी चोरों ने सेंध लगाकर किराणा के साथ नगदी आदि चोरी कर गए। डांगियवास थाने के हैडकांस्टेबल लक्ष्मण ने बताया कि सालवांकलां निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र बक्साराम जाखड़ ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका घर सूना था। पड़ौसी ने घर के ताले टूटे होने की जानकारी दी। इस पर वह आया और अंदर जाने पर सारा सामान अस्तव्यस्त मिला। अज्ञात चोर घर से सोने की अंगुठी, टोप्स एवं कंठी ले गया। सोना तकरीबन ढाई तोला है और आधा किलो चांदी के आभूषण ले गए। वहीं इसी मकान के सामने रहने वाले तुलसीराम सोनी पुत्र गणपतसिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी दुकान भी घर में आई है। रात को अज्ञात चोरों ने बाहर से कुड़ी के पास की जाली को काट कर अंदर प्रवेश किया और दुकान में आ गए। दुकान में आधा किलो चांदी के जेवरात आदि थे जोकि चोरी कर गए। हैडकांस्टेबल लक्ष्मण ने बताया कि घर- दुकान में एक साथ चोरी का पता लगने पर घर में जाग हो गई। तब चिल्लाने पर चोरों ने घर के बाहर से कुंटा लगा दिया। जिससे वे बाहर नहीं आ पाए। आस पास सीसीटीवी कैमरें लगे है। जिससे चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। वहीं बोरानाडा पुलिस ने बताया कि गांगाणा निवासी झम्मूराम पुत्र दयाराम भील के एक किराणा दुकान लक्ष्मी किराणा के नाम से गांगाणा बकरामंडी में आई है। अज्ञात चोर दुकान के शटर के ताले तोडक़र वहां से किराणा और नगदी चुरा ले गए। लूणी पुलिस ने एमडी ड्रग के साथ तीन युवकों निंबारान निवासी नागेश, जालोर के कैलाश चौधरी एवं फींच के श्रवण विश्नोई को गिरफ्तार कर छह ठााम एमडी ड्रग को बरामद किया। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया।

### मरू महोत्सव में समां बांधा

**जैसलमेर, (कासं)।** पर्यटन मानचित्र में विश्व विख्यात मरू महोत्सव की पहली शाम गायक सलीम मर्चेंट के नाम रही।मर्चेंट ने दर्शकों को बार बार आवाज देकर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। पूनमसिंह स्टेडियम में शहरी जनता की भारी भीड़ देखी गई। भीड़ में बैठे दर्शक परमानंद ने बताया कि मरू महोत्सव में मारवाड़ी संस्कृति , गीत जिसके लिए सात समंदर पार से विदेशी आते है उसका अभाव दिखा।उन्होने सलीम द्वारा गाए गाए सभी मुस्लिम गानों पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि भारी रकम लेकर अपनी बिरादरी के गीत गा कर शहर वासियों को नाराज कर दिया सलीम ने जबकि उसकी एलबम में अनेक हिंदी गाने व पॉपुलर गाने भी जिसको सुनने शहरी जनता आई थी उन्होने जान बूझ कर नही सुनाए।ज्ञात रहे कि सलीम जैसलमेर आने के बाद मंत्री शाले मोहम्मद के घर मिलने दुआ सलाम करने और सलाह मशविरा करने जाकर आए हैं।आयोजन में अल्प संख्यक मंत्री शाले मोहम्मद,जैसलमेर विधायक रुपाराम, शहर के प्रथम नागरिकहरिवल्लभ कल्ला, जिला कलेक्टर टीना डाबी सहित अनेक अधिकारियों सहित देसी विदेशी सैलानी भी उपस्थित रहे।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाला दबोचा

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के महामंदिर स्थित कालवी प्याउ के समीप रेलवे ट्रेक पर दो दिन पहले टेन से कटकर जान देने वाले थर्ड ठोड शिक्षक के प्रकरण में पुलिस ने उसे आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि दो दिन पहले बिलाड़ा के झाक निवासी थर्ड ठोड टीचर नागपाल मेघवाल ने कालवी प्याऊ के समीप रेलवे ट्रेक पर रेल के आगे कूदकर अपनी जान दी थी। इस बारे में उसके भाई जयपाल की तरफ से दलपत सिंह नाम के शख्स के खिलाफ रूपयों के लेनदेन के विवाद में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने का केस दर्ज करवाया था। थानाधिकारी सोलंकी ने बताया कि प्रकरण में अब आरोपी बिलाड़ा के बड़ीखुर्द निवासी दलपतसिंह चौहान को गिरफ्तार किया गया है।

### स्वच्छता का दिया संदेश

**सायला, (निसं)।** डेरा सच्चा सौदा सरसा (हरियाणा) की ओर से संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह की प्रेरणा एवं संत सतनामसिंह महाराज के मार्गदर्शन में चलाई जा रही मुहिम "हो पृथ्वी साफ, मिटे रोग अभिशाप" के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय सायला पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई गई। डेरा के अनुयाईयों ने शीतला माता चौक, भीलवाडी, पुराना बस स्टैण्ड, अम्बेडकर चौक, ओटवाला रोड़, अम्बे माता मन्दिर मोड, शान्तिपुरा, पंचायत समिति रोड़, राजाराम नगर गोलिया, नया बस स्टेण्ड समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर झाडू लगाकर साफ सफाई की एवं एकत्रित कचरे को ट्रेक्टर ट्रोली में भरकर निस्तारित किया।

# डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने चलाया सफाई अभियान



पिण्डवाड़ा में सच्चा डेरा सौदा के श्रद्धालुओं ने साफ सफाई अभियान चलाया।फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर में डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने जालोर शहर के चालीस वार्डो में पहुंचकर साफ सफाई की। उनके साफ सफाई अभियान के दौरान जत्था को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक दिन में जालोर शहर की साफ सफाई कर लोगो हमेशा साफ सफाई करने की नसीहत दी।

जालोर शहर के सूरजपोल के निकट स्थित सोनगरा बालोद्यान में चार - पांच बसो के माध्यम से पहुंचे डेरा सच्चा सौदा के गुरू डॉ. गुरमीत राम रहीमसिंह के पांच

**■ शहर की साफ सफाई कर लोगों साफ सफाई करने की नसीहत दी**

साल बाद श्रद्धालुओं ने सफाई अभियान कर अच्छा संदेश दिया। प्रात: काल ही सोनगरा बालोद्यान पर रूकी बसो में सवार श्रद्धालु नीचे उतरे तथा चाय नाश्त करने के बाद साफ सफाई अभियान में लग गये। एक साथ झुंडे के रूप में साफ सफाई अभियान को देखकर शहरवासी अंचम्भित रह गये। महिला व पुरूषो ने काफी संख्या में पहले सूरजपोल से आहोर चौराहा तक साफ सफाई की। इसके बाद कलैक्ट्रेट सहित जालोर शहर के चालीस वार्डो में पहुंचकर अलग अलग टीमो ने सफाई की। कचरा उठाने से लेकर सफाई करने के दौरान किसी प्रकार का भेदभाव नजर नही आया। तथा एक साथ औरते व पुरूषो ने झाडू लेकर पूरे मार्गो को साफ कर दिया। कुछ ही देर में जालोर शहर की सड़के साफ नजर आने लगी।पिंडवाडा संवाददाता के अनुसार: डेरा सच्चा सौदा भक्तों का पिंडवाडा शहर में में एक साथ चले सफाई अभियान में साध-संगत का उत्साह देखते ही बन रहा था। शुभारंभ के बाद सभी साध-संगत शहर की सफाई करने में पूरी तन्मयता से जुट गई। देखते ही देखते साध-संगत ने कुछ ही घंटों में शहर की सफाई कर उन्हें चमका दिया। डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही परमपिता शाह सतनाम महाराज के अवतार महीने में पांच साल बाद अपने गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के साथ मनाते हुए नगर पालिका चेयरमैन सुरेंद्र मेवाडा अधिशाषी अधिकारी दीपिका वीरवाल की मौजूदगी में हरियाणा प्रदेश के डेरा सच्चा सौदा साध-संगत ने पूरे शहर को एं दिन में एक साथ सफाई अभियान चलाकर पिंडवाडा को स्वच्छता की सौगात दी। इस आयोजन में डेरा श्रद्धालुओं ने उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार, तहसीलदार मादा राम मीणा, प्रशासनिक अधिकारियों से परमिशन लेकर 45 लोगों की अलग-अलग टोलियां में समूचे शहर के एरिया में सफाई की। सफाई की शुरुआत रेलवे स्टेशन बस स्टैंड हाउसिंग बोर्ड पद्मावती कॉलोनी गोगाजी मंदिर तालाब राम मंदिर गुदरिया कॉलोनी मुख्य बाजार आमली रोड राजपूत वास क्षेत्रपाल मार्ग सहित समूचे शहर की तीन सौ लोगों की टीम ने सफाई कर गलियों को देखने लायक बना दिया।पूज्य गुरु जी ने मोबाइल पर लाइव कार्यक्रम से नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र मेवाडा से वार्ता कर सेवादारों के सफाई कार्यो की सराहना की। पूरे प्रदेश में एक साथ चले सफाई अभियान में साध-संगत का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# दो दिवसीय महाकवि माघ महोत्सव का शुभारंभ

**भीनमाल, (निसं)।** राज्य सरकार के राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर संबद्ध कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार, महाकवि माघ विकास संस्थान भीनमाल, अंबिका शिक्षा समिति, स्थानीय प्रशासन एवं नगर पालिका

**■ महाकवि माघ महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई**

मंडल भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महाकवि माघ महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के तहत प्रात: काल स्थानीय नेहरू बाल उद्यान में योग सत्र के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें योग शिक्षक जोरावर सिंह एवं पारसमल घाची के सानिध्य में सैकडों नगर वासियों ने योग साधना की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. घनश्याम व्यास ने बताया कि परिक्रमा के दौरान ढोल थाली, गीत के साथ नगर वासियों ने पचरंगी पगडी धारण कर सांस्कृतिक परंपरा का परिचय दिया।

जिसमें राजकीय एवं निजी विद्यालय के सैकडों विद्यार्थियों ने नगर परिक्रमा में भाग लिया। तत्पश्चात स्थानीय विकास भवन में मेहंदी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वर्गीय प्रीतेश बोहरा की स्मृति में मिष्ठान वितरण भी किया गया, वही भामाशाह मोहब्बत सिंह द्वारा साफा की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के दौरान मोहन लाल सिसोदिया, दिनेश नवीन, मोहन लाल परिहार,जबराराम भाटी, दिनेश वत्सल, नेमलाल जीनगर, श्रवण सोनगरा, जितेंद्र सोनगरा, दिनेश जालोरी, जीवन बंजारा, जेठाराम आचार्य, गोपाल चंद, प्रतिभा भोजक, राजू सोलंकी, किशोर माली, मोनिका दवे, जितेंद्र शर्मा, सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत रविवार को भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।



भीनमाल में माघ महोत्सव को लेकर परिक्रमा निकाली गई।

## बच्चों का नेत्र परीक्षण किया

**जालोर, (कासं)।** जिले में नवाचार कार्यक्रम मेरा विद्यालय, मेरा अभिमान के तहत शनिवार को जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार जिले भर के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित दलों द्वारा छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। गौरतलब है कि विभागीय निर्देशानुसार शनिवार को नो बैग डे के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कार्यक्रम के तहत शनिवार को नेत्र परीक्षण किया गया।अभियान के तहत पूर्व में बच्चो की हिमोग्लोबिन जांच भी करवा स्वास्थ्य जांच गया था। शनिवार को जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदार, विकास अधिकारियों, बीसीएमओ, सीएचसी प्रभारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यालयों का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित दलों द्वारा राजकीय विद्यालयों में दृष्टि परीक्षण किया गया परीक्षण में विजन टेस्ट चार्ट की मदद से छात्र छात्राओं की आंखों की रोशनी जांची गई।

# जे. डी. ए. द्वारा फरवरी का शिविर कार्यक्रम जारी

**जोधपुर, (कासं)।** आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण नवनीत कुमार के कुशल निर्देशन में जेडीए द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत निरन्तर जोनवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा माह फरवरी में आयोजित किए जाने वाले जोनवार शिविरों का कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। जेडीए द्वारा सोमवार दिनांक 6 फरवरी 2023 को जोन 6 ठााम जोधपुर के खसरा संख्या 190, 190/1, 192, 193, 101 हेतु जोधाणा वृद्धाश्रम शिव शक्ति नगर तथा 7 फरवरी को जोन 5 ठााम बांगा 787, 536, 537, 540, 548, 802 एवं ठााम गेंवा 416/ 9 , 421 , 413 व 636/3 एवं नवीन अनुमोदित खसरों हेतु खसरा संख्या 636/3 ठााम गेंवा में में शिविर आयोजित किया जाएगा। जेडीए उपायुक्तगण श्रवण सिंह, विशनाराम माली, मृदुला शेखावत, रविंद्र कुमार, मनोज सोलंकी एवं श्रवण कुमार द्वारा शिविरों के दौरान अपने अधीनस्थ कर्मचारियों सहित उपस्थित रहते हुए आमजन के पट्टा जारी करने, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण अनुमति, उपविभाजन एवं पुनर्गठन, लीज राशि इत्यादि आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण करते हुए राहत प्रदान की जा रही है।

जेडीए द्वारा 8 फरवरी को जोन 1 ठााम बनाड़ खसरा संख्या 418/2, 418/3, 418/ 3/ मिन 0, 418/मिन 0, 418/3/मिन/1, 418/3/मिन/2, 418/3/मिन/3, 418/3/मिन/4, 418/3/मिन/5, 418/3/मिन/6, 418/4, 418/4/1 , 418/6 व 418/1 हेतु ठााम पंचायत भवन बनाड़ में शिविर आयोजित किया जाएगा।

जेडीए द्वारा 9 फरवरी को जोन 1 ठााम बनाड़ के उक्त खसरों हेतु ठााम पंचायत भवन बनाड़, जोन 2 ठााम ढण्ढ खसरा संख्या 2, 3/1 व 3/2, 4, 23, 49 व बट्टा नं, 79/53, 75/53, 71, 72, 83/64 व 87/64, 65, 60 व बट्टानं , 25 व 25/1 , 55 , 84/68 व बट्टानं . , 62 व 63 , 52 व बट्टा नं., नवीन अनुमोदित खसरे 55, 85/72, 86/72 हेतु जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर तथा जोन 4 ठााम चौपासनी के खसरा संख्या 175/74, 74 176/74, 216/74, 173/74, 76, 73, 86, 97, 113, 114, 115, 116, 117, 121, 98 110, 111, 112, 118, 99 व 100 - 54, 55, 56, 58 व बट्टे नम्बर , 66 , 66 / 1 , 66 / 2 , 53 , 332 / 53 , 79 , 119 , 120 व बट्टे नम्बर , 122, 123, 124 व बट्टे नम्बर, 125, 128, 129, 132, 133, 141 व बट्टे नम्बर, 146, 147, 148, 149/2, 191/149/2, 309/149 से 313/149 एवं नवीन अनुमोदित खसरों हेतु विवेकानंद गार्डन रामनगर झंवर रोड़ जोधपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 10 फरवरी को जोन 2 ठााम ढण्ढ के उक्त खसरों हेतु जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर तथा जोन 4 ठााम चौपासनी के भी उक्त खसरों हेतु विवेकानंद गार्डन रामनगर झंवर रोड़ जोधपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### निवेशकों से लाखों की ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** संजीवनी और आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी के बाद निवेशकों को मोटा फायदा पहुंचाने के नाम पर ठगी करने वाली नेक्सा एवरठीन कंपनी पर जोधपुर के तीन थाना क्षेत्रों में लाखों की ठगी के मामले दर्ज हुए है। इससे पहले सीकर जिले में 20 हजार से भी ज्यादा निवेशकों ने करीब 1 हजार करोड़ रुपए निवेश करवाए। बाद में एक के बाद एक कंपनी के प्रतिनिधि रुपए लेकर भूमिगत हो गए। आशंका यह जताई जा रही है कि प्रदेश सहित दूसरे राज्यों में भी इस कंपनी ने लोगों को ठगा है।जोधपुर में भी जिला पूर्व के तीन थानों में तीन परिवादियों ने मामले दर्ज करवाए है। करवड़ थाना पुलिस ने 24 जनवरी को नेक्सा एवरठीन कंपनी के खिलाफ दर्ज होना बताया। जिसमें परिवादी लाइब्रेरियन जयपुर निवासी अनिल कुमार ने टुकड़ों-टुकड़ों में कुल 11 लाख रुपए निवेश किए। पुलिस के अधिकारी यह बात तो मान रहे हैं कि नेक्सा एवरठीन कंपनी में निवेश के नाम पर कई पुलिसकर्मियों के साथ भी ठगी हुई है, लेकिन ऐसे कितने पुलिसकर्मी है। यह आंकड़ा सामने नहीं आया है।करवड़ थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि एक और प्रकरण अब करवड़ निवासी शक्तिसिंह पुत्र अशोक सिंह की तरफ से दर्ज करवाया गया है। इसमें कई लोगों से 54 लाख की ठगी का आरोप नेक्सा ऐवरठीन कंपनी पर लगाया गया है। कंपनी ने निवेश एवं पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी की है। इस परिवादी के साथ में काफी लोग शामिल है जिनके साथ यह ठगी हुई है।बताया जाता है कि नेक्सा एवरग्रीन कंपनी ने लोगों में अपना विश्वास बनाए रखने के लिए कई जगह पर मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित करवाई। इसमें लोगों को कंपनी में निवेश के नाम पर झांसे में लिया। इतना ही नहीं सीकर, झुंझुंनूं, जयपुर और अजमेर सहित कई जगहों पर अपने ऑफिस भी खोले। ज्यादा से ज्यादा लोगों को झांसे में लेने के लिए कई जिलों में एजेंटों की भी टीम तैयार की। नेक्सा एवरग्रीन कंपनी में निवेश के नाम पर ठगी के तीन प्रकरण दर्ज हुए हैं। दो मामले करवड़ थाने में है। जबकि तीसरा मामला एयरपोर्ट थाने में दर्ज हो रखा है।

### आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**जोधपुर, (कासं) ।** जोधपुर महानगर पॉक्सो कोर्ट ने आज एक बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। पोक्सो कोर्ट, जोधपुर महानगर के विशिष्ट लोक अभियोजक शिव प्रकाश भाटी ने बताया कि न्यायाधीश डॉ. सूर्यप्रकाश पारीक विशेष न्यायालय पोक्सो कोर्ट जोधपुर महानगर ने आरोपी रविन्द्र सिंह उर्फ कालू सिंह निवासी गांव कैलावा खेड़ापा, हाल-कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर को दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया । अदम अदायगी जुर्माना अभियुक्त को 3 माह का कठोर कारावास की सजा अतिरिक्त भुगतने का आदेश दिया। पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी, हाउसिंग बोर्ड जोधपुर द्वारा पर्चा बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।पर्चा बयान में लडक़ी के द्वारा बताया गया कि मेरे घर के सामने रहने वाले आरोपी कालू सिंह ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने मुझे डराया कि किसी को बताया तो तुझे जान से मार दूंगा। उक्त बयान पर पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधानके बाद आरोपी रविन्द्र सिंह उर्फ कालू सिंह के विरूद्ध यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया।अभियोजन पक्ष की ओर से शिवप्रकाश भाटी विशिष्ट लोक अभियोजक ने न्यायालय में 21 गवाहों व 26 दस्तावेज साक्ष्य के रूप में पेश किये और बहस कर बताया कि पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ आरोपी द्वारा दुष्कर्म का गम्भीर अपराध कारित किया है,। जिसे कठोर से कठोर दण्ड से दण्डित किया जावे।न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात् मुलजिम रविन्द्र सिंह उर्फ कालू सिंह को अपराध अन्तर्गत धारा 450 भारतीय दण्ड सहिता में 5 वर्ष का कठोर कारावास और 5 हजार रूपये के जुमाने से दण्डित किया। अदम अदायगी जुर्माना अभियुक्त को 2 माह का कठोर कारावास पृथक से भुगतने का आदेश दिया एवं धारा 376 (2) (आई) भारतीय दण्ड संहिता में 10 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया। अदम अदायगी जुर्माना 3 माह का कठोर कारावास पृथक से भुगतने का आदेश पारित किया।

### होली स्नेह मिलन समारोह 26 को

**जोधपुर, (कासं)।** शेखावाटी समाज संस्थान का होली स्नेह मिलन समारोह 26 फरवरी को। शेखावाटी समाज संस्थान जोधपुर के प्रवक्ता सुनील त्रिवेदी ने बताया की नवनियुक्त-कार्यकारिणी-की बैठक शनिवार को उमेद क्लब जोधपुर में आयोजित कर उपस्थित सभी-पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए जैसे- होली स्नेह मिलन समारोह-का 26 फरवरी को आयोजित किए जाने का- निर्णय लिया। समाज के लिए संसाधन जुटाने-संबंधी योजना एवं सदस्यों की संख्या को बढाने संबंधी प्रस्ताव-लिए गए। बैठक- की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष नगेंद्र-शेखावत-एवं-संचालन सचिव महेंद्र सिंह गोदारा- एडवोकेट ने किया। बैठक में--इंजीनियर रामनिवास चौधरी, एडवोकेट विकास बिजारणिया-मनरूप स्वामी-लक्ष्मण ढाका-ताराचंद आर्य, भवानी प्रताप सिंह शेखावत, धर्मपाल सिंह शेखावत- हनुमान सिंह झाझरिया सहित- संस्थान की नई कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में संस्थान के अध्यक्ष नगेन्द्र शेखावत को समता आंदोलन का प्रदेशाध्यक्स बनने पर सभी सदस्यों द्वारा बधाई दी गई।

## छज्जा गिरने से श्रमिक की मौत

**जोधपुर, (कासं)।**एनआरआई रोड आशापूर्णा में एक निर्माणाधीन भवन का छज्जा गिरने से श्रमिक मौत हो गई। विवेव विहार पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। विवेक विहार पुलिस ने बताया कि कुशी नगर, पडरीना निवासी कैफ मोहम्मद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है इसमें बताया गया है। कि एनआरआई रोड, आशापूर्णा योजना पाल में निर्माण कार्य चल रहा है।


**नाम परिवर्तन**

मैं अपना नाम शेफाली आर्य पुत्री श्री देवेन्द्र आर्य से बदल कर शेफाली चौधरी पुत्री श्री देवेन्द्र आर्य रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता:- हाउस नं. 1, सैन कॉलोनी, पावर हाउस रोड, जयपुर- 302006

**आम सूचना**

श्री छगन लाल पुत्र श्री भोमा राम, जाति गर्ग, निवासी न्यु रामदेव कॉलोनी जालोर, तहसील व जिला जालोर (राज.) का एक पट्टासुदा, कब्जासुदा, पंजीयनसुदा, मालिकाना हक का भूखण्ड कुल क्षैत्रफल-1300 वर्गफीट का वाके ग्राम जालोर के बहमौहल्ला न्यु रामदेव कॉलोनी में आया हुआ है, जिसका पट्टा संख्या 95 दिनांक 12.02.2002 को नगर पालिका जालोर द्वारा पत्रावली संख्या 39/2001-02 को जारी किया गया, जिसका पंजीयन दिनांक 14.03.2002 को क्रम संख्या 519 पर उप पंजीयक कार्यालय जालोर में पंजीबद्ध किया गया। जो दिनांक 14.10.2013 को खो गया है। जिसके संबन्ध में कोतवाली पुलिस थाना जालोर में गुमशुदगी संख्या 248 दिनांक 14.10.2013 पर दर्ज की गई है। उक्त पट्टे पर गुमशुदा होने के पूर्व कोई ऋण वगैरह नही लिया गया है। यदि उक्त पट्टा किसी को मिले तो अध्योहस्ताक्षर कर्ता को लौटाया जाए।

सूचना जरिये अधिवक्ता अभिनव सुथार

अभिनव सुथार अधिवक्ता R/1443/2005 वर्धमान कॉलोनी आहोर (जालोर) 9799152119


# नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के प्रांतीय सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन


**जालोर, (कासं)।** नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के जयपुर में 5 फरवरी को आयोजित प्रांतीय सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग जालोर के व्याख्याता और नर्सिंग शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.पवन ओझा के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर उन्होने केंद्र एवं अन्य राज्यो की तुलना में वेतन भत्तों की विसंगति, सेवारत

**■ सरकार की नर्सिंग शिक्षकों के प्रति उपेक्षित नीतियों के विरोध में प्रांतीय सम्मेलन आज**

कार्मिकों के लिए नर्सिंग की उच्च शिक्षा नीति का निर्धारण एवम केडर रिव्यू के साथ पदनाम परिवर्तन की मांग की है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ.पवन ओझा ने कहा कि राजस्थान में नर्सिंग शिक्षकों की नियुक्ति नर्सिंग ट्यूटर के पद पर ही होना एवं इसी पद से रिटायर हो जाना दु:खद है। जिससे टीचिंग लर्निंग प्रोसेस पर, नर्सिंग की शैक्षणिक गुणवत्ता पर, नए नर्सिंगइनोवेशंस पर तथा नर्सिंग रिसर्च पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए उन्होंने सर्वप्रथम नर्सिंग शिक्षको के केडर रीव्यू तथाराजमेस सोसाइटी अंतर्गत 28 कॉलेजों मे स्वीकृत प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज में आठ नर्सिंग ट्यूटर के पदों की तरह की तरह स्ववित्त पोषित आठ नर्सिंग कॉलेजों में भी स्थाई नर्सिंग शिक्षको के पद सृजित किए जाने की माँग की है। प्रिंसिपल के पदों पर लंबित डीपीसी को भी जल्द करने की मांग करते हुए कॉलेज ऑफ नर्सिंग मैं नवसृजित असिस्टेंटप्रोफेसर , एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर , वाइस प्रिंसिपल एवं प्रिंसिपल के पदों को अविलंब भरने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि नर्सिंग ट्यूटर की पद को अन्य समकक्ष कैडर की भांति लेक्चरर इन नर्सिंग में परिवर्तित कर राजपत्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है तथा प्रिंसिपल को आहरण वितरण अधिकार प्रदान किए जाने तथा एएनएम तथा जीएनएम प्रशिक्षण केंद्रों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से बदलकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत किए जाने की मांग की।

साथ ही गवर्नमेंट नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों के स्ट्राईफंड को समय के हिसाब से एएनएम स्टूडेंट्स को तीन हजार, जीएनएम स्टूडेंट्स को चार हजार एवं बीएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स को पांच हजार प्रतिमाह किए जाने की मांग की।इस अवसर पर संरक्षक वीणा तेतरवाल, सचिव मोहनसिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष शिव कुमार दवे,बाबुलाल चौधरी, भूपेन्द्रकुमार ,मनीष सोलंकी समेत एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



जालोर में नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के प्रांतीय सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। फोटो राष्ट्रदूत

## छात्र का स्वागत

**रेवदर, (निसं)।** समीपवर्ती देरोल गाँव में स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक विदर में अध्यनरत कक्षा 11वी गणित वर्ग के छात्र रौनक जोशी का एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने पर पीएम यशस्वी छात्रवृति योजना के अन्तर्गत छात्रवृति एक लाख पच्चीस हजार रूपये के लिए चयन होने पर विद्यालय के संस्थाप्रधान संजीव कुमार अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ ने छात्र का माला पहनाकर स्वागत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित की गई


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण की नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कर्ज लेनदारों को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उनके द्वारा स्वर्ण आभूषणों के बदले ली गयी ऋण सुविधा में बकाया राशि का भुगतान करने के नोटिस जारी किये गये है। क्योंकि कर्ज लेनदार जो इस सुविधा के तहत बकाया का भुगतान नहीं कर पाये हैं, हम 14.02.2023 को बंधक रखे गये स्वर्ण आभूषणों की नीलामी कराने के लिये विवश है। यदि इस नीलामी से कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित कर्ज लेनदार को लौटा दी जायेगी तथा यदि नीलामी से प्राप्ति के बाद कमी रही, तो बाकी राशि कर्ज लेनदार से उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से वसूली जायेगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास निम्न खातों की, बिना पूर्व सूचना के, नीलामी से हटाने का अधिकार है। साथ ही आईडीएफसी बैंक, बिना पूर्व सूचना के, नीलामी की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 49689834 | छैल कंवर | नन्दरी ग्रामीण |

नीलामी 14 फरवरी 2023 को दिन में 12.00 बजे से दोपहर 3.00 तक http://egold.autiontiger.net के द्वारा आन लाइन आयोजित की जायेगी। इस प्रकाशन के द्वारा संबंधित कर्ज लेनदारों को एतथ द्वारा अंतिम नोटिस तथा सुविधा संबंधित राशि को सभी ब्याज तथा चार्जेज के साथ, नीलामी तिथि से पहले जमा कराने का आखिरी अवसर दिया जा रहा है, यदि वे ऐसा करने में विफल रहे तो, आभूषण नीलाम किये जायेंगे। कृपया ध्यान दें, यदि नीलामी, समय सीमा के कारण, पूरी नहीं हो पाती है तो, बैंक बंधक रखे स्वर्ण आभूषणों को इन्हीं नियमों व शर्तों पर, अगले 7 दिन में, पुनः नीलामी करेगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो चुकी हो, तो नीलामी संबंधित सभी शर्ते उनके कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होगी।

**दिनांक - 05.02.2023, स्थान - जोधपुर**